


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक



पटना, 20 मार्च, सोमवार, 2023




**डॉ0 संजय कुमार**

संपादक, कांग्रेस दर्पण

सह कॉंग्रेस कार्यकर्ता।

संपर्क -8252667278



**जय हिंद साथियों**

आशा है आप तमाम लोग अच्छे और स्वस्थ होंगे

बहुत ही जल्द बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सहयोगी शिविर लगने जा रहा है जो भी साथी इच्छुक हैं कृपया कार्यालय प्रभारी श्री बिपिन झा (9931986181)से संपर्क कर उन्हें अपना नाम पता मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं . प्रशिक्षण की तिथि जल्दी घोषणा होगी

**धन्यवाद**

**अफरोज खान, राज्य प्रभारी**

**बिहार कांग्रेस सेवा दल**

# गांधी का खौफ अभी भी बरकरारः लालजी देसाई



## इस मुस्कान में निडरता दिख रही है


**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

आजादी के पहले दौर में आर एस एस और अंग्रेजी शासन को गांधी का ही खौफ सताता था और आज भी यही देखने को मिल रहा है 'भय' हर किसी के लिए प्रलयकारी होता है और भय को 'प्रतिक्रिया' से नापा जा सकता है। आज 45 दिन के बाद भारत जोड़ो यात्रा के समापन दिवस पर राहुल गांधी जी ने कुछ बातें कही थी उसका जवाब जानने के लिए दिल्ली पुलिस आतुर हो रही है जबकि 2 दिन पहले ही दिल्ली पुलिस ने नोटिस दिया है और राहुल जी ने जवाब देने के लिए वक्त मांगा था उसके बावजूद दिल्ली पुलिस का रवैया दिखता है इसका मूल कारण यह है कि मुद्दों से भटका कर सरकार बच कर निकल जाना चाहती है श्री राहुल गाँधी ने जब लोकसभा में गौतम अडानी, हिंडनबर्ग और पीएम मोदी को लेकर सवाल उठाए तो 'प्रतिक्रिया' यह हुई कि उनके सवालों के ज्यादातर हिस्सों को लोकसभा की कार्यवाही के रिकॉर्ड से ही हटा दिया गया विदेश में दिए वक्तव्य पर जब संसद में हंगामा चल रहा था तो राहुल गांधी ने भी अपनी बात को रखने के लिए संसद से अनुमति मांगी पर इतिहास में पहली बार संसद को ही म्यूट कर दिया। इसे भारत जोड़ो यात्रा का प्रभाव कहें या अडानी मामले को लेकर श्री राहुल गाँधी जी के मुखर सवालों से पैदा हुआ भय कहें, ट्रेज़री बेंच की ओर से आने वाली 'प्रतिक्रिया' की गैर—अनुपातिकता और तर्कहीनता यह बताने में सफल है कि मोदी सरकार में भय की जड़ें गहरी हो गई हैं। राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी का का खौफ अब संसद में संसद के बाहर भी सड़कों पर संघियों में और भाजपाइयों में साफ़ दिख रहा है।

ना डरे ना डरते हैं

राहुल गांधी उनको कहते हैं

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल



श्री लालजी देसाई

राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल,

## आज माँ कैला देवी टाउनशिप कुरी मोड़ ,आगरा ग्वालियर मोड़ पर त्यागी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुआ और सामुदायिक त्यागी भवन आगरा का शिलान्यास करने का अवसर प्राप्त हुआ एवम वंहा आयोजित होली मिलन समारोह में उपस्थित हुआ ।

**-डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**






## कांग्रेस पार्टी का जनहित के लिए जेपीसी का मांग काबिले तारिफ

**सज्जन**

देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधीजी को जनता के मुद्दों को सदन में उठा ने से रोका गया था यहां तक कि उनके माइक को सदन के अंदर बन्द किया जाता था तो मजबूरन उन्हें भारत जोड़ो यात्रा निकालनी पड़ी थी । अब अडानी मामले में बड़ा घोटाला सामने आया है तो कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी दल के लोग जनहित में चाहते हैं कि JPC बना कर उसकी जांच हो तो भाजपा डर क्यों रही है जांच कराने में और राहुल गांधीजी को फिर रोका जा रहा है सदन में बहस करने के वास्ते कांग्रेस पार्टी सदन में घोटाले एवं विकास पर बात करना चाहतीं लेकिन भाजपा वाले दिग्भ्रमित कर धार्मिक मुद्दों पर ले आते हैं इसलिए जनता को इसे समझने की ज़रूरत है ।



## क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट (खेल) का शुभारंभ किया



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज अपने कहलगाँव विधानसभा क्षेत्र के सनहौला प्रखंड अंतर्गत बड़ी नाकि में युवा कमिटी द्वारा आयोजित क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट का मैं फीता काट कर क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट (खेल) का शुभारंभ किया। साथ ही साथ इस नाइट टूर्नामेंट में मुझे मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रण करने पर और बड़ी नाकि में आप तमाम लोगों के द्वारा ढ़ेर सारा प्यार मिलने पर मैं बड़ी नाकि युवा कमेटी के तमाम मेम्बरान एवं बड़ी नाकि के तमाम लोगों का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। हमारे साथ मौके पर कहलगाँव विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो॰ साजिद हुसैन साहब, सनहौला अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो॰ अशफाक साहब, मो॰ महमूद साहब, सनहौला अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रखंड महासचिव मो॰ सरवर साहब, सचिव मो॰ सद्दाम साहब, मो॰ मिनसार साहब, अमडीहा पंचायत समिति मो॰ अमजद साहब, मो॰ प्रवेज साहब, झारखंड युवा कांग्रेस नेता हमारे छोटे भाई साकिर एवं कई लोग उपस्थित थें।

## एक ही परिसर में कई कार्यालय मगर नही है पानी व शौचालय की व्यवस्था : निसार अख्तर अंसारी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

अरवल प्रखंड परिसर जिसमें प्रखंड, अंचल कार्यालय के साथ ही साथ जिला परिषद का कार्यालय, रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर, शिक्षा बिभाग का कार्यालय, प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी का कार्यालय है और उसी परिसर में अभी अधिवक्तागण भी बैठकर न्यायालय का कार्य निबटाते है, एक ही परिसर में इतने सारे कार्यालय होने के कारण उन कार्यालयों में अपने अपने कार्य से जिले भर के हजारों लोग रोज उक्त परिसर में आते हैं जिससे उक्त परिसर में काफी भीड़भाड़ रहती है, जबकि उक्त परिसर में एक भी चापाकल या पेयजल की कोई ब्यवस्था नहीं है और न ही कोई शौचालय ही है. यहां आनेवाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. महिलाओं को तो यदि आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें अपमानित होने पड़ता है. जिला कांग्रेस कमेटी अरवल के प्रदेश प्रतिनिधि व अधिवक्ता वेल्फेयर स्कीम ट्रस्टी कमिटी के अध्यक्ष एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी ने जिला प्रशासन से यह मांग किया है कि गर्मी के मौसम आ गई है इसलिए चापाकल या अन्य तरिके से पेयजल की ब्यवस्था यथाशीघ्र किया जाना चाहिए साथ ही उक्त परिसर में अर्ध्यनिर्मित शौचालय को भी जल्द से जल्द चालू करवाया जाय, ताकि प्रतिदिन आनेवाले हजारों लोगों को मानव सुविधाएं मिल सकें. लोग प्यास से इधर–उधर न भटकें और न ही शौचालय के लिए भटकना पडे.



# ` एक दिवसीय नीः शुल्क जाँच शिविर का आयोजन

**बेतिया, पश्चिम चम्पारणः चनपटिया प्रखंड की खोरा गाँव में जहाँ सरकारी स्वास्थ सेवाए बेहतर ढंग से संचालित नहीं है, वहाँ के लोगो के स्वास्थ परीक्षण एवम् उपचार के लिए समाजसेवी और कांग्रेस सपोर्टर समीक्षा शर्मा के प्रयास से एक दिवसीय नीः शुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उनका कहना है कि गाँव में निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाना समय की ज़रुरत है। चनपटिया विधानसभा के खोरा गाँव में 19 मार्च को शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 200 से अधिक लोगो का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इस शिविर में चीनी की बीमारी और ब्लड प्रेशर जाँच करने की व्यवस्था थी। साथ में फेफड़े की जाँच और उसके चिकित्सक भी उपलब्ध थे। समीक्षा शर्मा पहले भी ऐसे शिविर लगाते रही है और आगे भी लगाती रहेंगी। शिविर की सफलता में डॉ. हिमांशु शेखर, कंसलटेंट फिजिशियन और उनकी टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। "अपने गांव में ऐसी सेवाओं को लाने में सक्षम होने के लिए खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हूँ।" समीक्षा शर्मा**





# सांसेरा ग्राम पंचायत मैं हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 19 मार्च 2023 रविवार को सांसेरा ग्राम पंचायत मैं हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत आजाद नगर गमेरपुरा से सांसेरा कीर खेड़ा सासेरा की खेड़ी होते हुए जलदेवी माताजी के प्रांगण में पहुंची जहां पर आमसभा हुई आम सभा को नाथद्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शंकर लाल जाट अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शेखर जी रेलमगरा प्रधान आदित्य प्रताप सिंह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि माधवलाल जाट मंडल अध्यक्ष माधव लाल अहीर ने संबोधित किया किया वक्ताओं ने आदरणीय सीपी साहब द्वारा कराए विकास कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि करीब पेयजल व सिंचाई के अलावा करीब 20 करोड के काम हुए हैं जलदेवी माताजी के 12 करोड़ रुपए दिए जिससे विकास कार्य होगा सड़कों का जाल फैलाया है राजस्थान सरकार द्वारा स्वास्थ के क्षेत्र में हर व्यक्ति का 25 लाख तक का इलाज फ्री किया है किसानों को बिजली कुए की निशुल्क दी जा रही है घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट बिजली फ्री है 1 अप्रैल से उज्वला योजना में ?500 में सिलेंडर मिलेगा लंबी वायरस में मरी गायों पर ?40000 दिए जा रहे हैं शिक्षा स्वास्थ कृषि पेयजल सभी क्षेत्र में काम हुए हैं इसके साथ केंद्र सरकार द्वारा नफरत महंगाई बेरोजगारी तथा विभिन्न संस्थानों को बेचने पर जोरदार प्रहार किया गया जिला उपाध्यक्ष शांति लाल प्रजापत को बनाए जाने पर उनका स्वागत किया गया बैठक में अनिल शर्मा पंचायत समिति




सदस्य मोहन लाल गाडरी राजपुरा सरपंच हीरा लाल गाडरी एडवोकेट शांतिलाल जाट पृथ्वी राजपुरोहित मंडल अध्यक्ष अंबालाल गाड़ी इंटक नेता प्रभु लाल जाट शिव लाल माली रामलाल गाडरी सहकारी समिति मदारा अध्यक्ष उदय लाल अहीर पीपली डोडियान अध्यक्ष भेरूलाल अहीर सांसेरा अध्यक्ष मीठा लाल शर्मा रेलमगरा अध्यक्ष विष्णु सेवदा उपाध्यक्ष नरेंद्र पाराशर शंभू लाल जाट सादड़ी पूर्व सरपंच अंबालाल जाट अंबालाल पाराशर तारा बेगम चरण श्याम भोपाजी भंवर सिंह सरवरिया खेड़ी सेवादल अध्यक्ष बाबु नाथ राजू मेनारिया माधवलाल लादू लाल जाट किशन लाल जाट राजू दास मोनू वैष्णव भेरु लाल जाट विकास खटीक धर्मपाल यादव का स्वागत किया गया इसके साथ स्थानीय पंचायत के ईश्वर लाल प्रकाश शर्मा रोशन शर्मा खान मोहम्मद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे धन्यवाद स्थानीय सरपंच रमेश प्रजापत ने दिया संचालन पूर्व सरपंच बंसी लाल सालवी ने किया सभा समाप्ति के बाद स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

## देश मे मध्यम वर्ग के लोगो का जीना बेहाल हो गया है

देश मे कैसा विकास की आंधी चल रही है की 2015 से लाखो लोग भारत छोड दुसरे देश की नागरिकता ले रहे है बीजेपी के केन्द्र मे सरकार बनने के बाद देश मे मध्यम वर्ग के लोगो का जीना बेहाल हो गया है शिक्षा और स्वास्थ्य तो दुर दो समय का भोजन भी अपने परिवार के लिए नही जूट पा रहे है गरीबी रेखा से नीचे की संख्या लगता बढ रही है आज जो सरकार के उपर सबाल उठाता है तो उसे पडताडीत की जाती है भाजपा मीडिया को अपने कब्जे मे रखा है जैसा चाहता है उसी तरह जनता के वीच न्यू परोसा जाता है अब जनता को जागना होगा तभी देश के लोकतांत्रिक ढांचा बचेगा क्योकि सरे एजंसी अब भाजपा के कब्जे मे है



# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान मे आज उमड़ पड़ा जन सैलाब

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

यात्रा आज शाम 4 बजे भुरवाडा से शुरू हुई जिसमें बड़े बुजुर्ग, युवा साथी, महीलाए, बच्चे आदि डि.जे.की धुनपर नाचते थिरकते  गली मोहल्लो से गुजरनें लगे, इन सब के साथ साथ चल रहे पदाधिकारीगण , नेतागण व जनप्रतिनिधियो ने आमजन से सम्पर्क कर उनकी नाना प्रकार की समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिलाते हुए यात्रा चोकडी पहुंची जहाँ पर आमसभा रखी गई, सभा मे क्षैत्र के सभी पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बात रखते हुए आमजन को साहब सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाकर श्री राहुल गांधी का संदेश दिया ,

और फिर अंत में बड़े हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे ? ?मुख्य अतिथि श्री नारायण सिंह जी भाटी पुर्व जीला प्रमुख, अध्यक्षता श्री माधव लाल जी अहीर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,उप सभापति एवं प्रभारी रेलमंगरा चुन्नी लाल जी पंचोली,रेलमंगरा प्रधान श्री आदित्य प्रताप सिंह जी, जिला परिषद सदस्य लेहरु  लालजी , चोकडी सरपंच रतन सिंह जी, पुर्व सरपंच सकरावास उदयलालजी , रामजी गाडरी कुरज प्रहलाद जी सोनी कुरज, देवी




लालजी पछमता, माधव लाल जी मेघाखेडा, सुनील पेमाखेडा, राधेश्याम जी राव भुरवाडा, नारायण जी माडसा भुरवाडा, प्रभु लाल जी प्रजापत चोकडी, किशन जी अहीर, नारुजी कुमावत सकरावास साथ ही ग्राम पंचायत चोकडी कांग्रेस की पुरी टीम

अपना अमुल्य समय देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में जो आप सभी ने योगदान दिया उसके लिए तह दिल से आप सभी का आभार ??

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ेलमंगरा

# आज गया जिला युवा कांग्रेस के द्वारा टावर चौक पर  का पुतला दहन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज गया जिला युवा कांग्रेस के द्वारा टावर चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह  का पुतला दहन किया गया '

इस कार्यक्रम में  युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं मगध प्रभारी श्री आशुतोष कुमार त्रिपाठी जी ने कहां की राहुल गांधी जी के बढ़ते राजनीतिक लोकप्रियता देश के गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल  करके राहुल जी के आवास पर दिल्ली पुलिस को भेजना बहुत ही निंदनीय एवं पीड़ित मानसिकता को दर्शाता है यह सब प्रकरण अदानी मुद्दे को छिपाने के लिए किया जा रहा है इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, दामोदर गोस्वामी जी, बाबूलाल जी एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी  एवं कुंदन कुमार, गया जिला युवा कांग्रेस के  मुन्ना मांझी, मनीष जी ,कुणाल कांत ,आकाशदीप, शोभित राज विकी कुमार, मुजम्मिल, अभिषेक सिंह ,सनी उजाला आदि मौजूद थे '



# बेगूसराय में भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर ये संदेश दिया







पटना । कांग्रेस दर्पण

ये किसने कहा आपसे आंधी के साथ हूं,
मैं नफ़रत के दौर में गांधी के साथ हूं

जिला बेगूसराय कांग्रेस विचार विभाग के कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के संकल्प को मजबूत करने के लिए क्रांति कारी सरजमीं बेगूसराय से भारत जोड़ो यात्रा से सत्ता के नशे में चूर सत्ता धारियों को बेगूसराय में भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर ये संदेश दिया की जब तक मुल्क में मोहब्बत के फूल लगाने वाले रहेगें तब तक पूंजीपतियों के तलवे चाटने वाले के मंसूबे को कभी पूरा होने नहीं देगे, हमारा मकसद है , मुल्क को एक धागा में पिरोह कर भाई चारा कायम रखने के क्रम में आज विचार विभाग द्वारा हरहरमहादेव चौक से बाजार, चांदनी चौक होते हुए नौलख्खा मंदिर के पास कुणाल के घर पर जलपान के साथ हाँथ से हाँथ जोरो यात्रा सम्पन्न।








सूचना

कल दिनांक 20/03/2023 को दोपहर 12 बजे दिन से अशोका होटल बैदराबाद,अरवल में महागठबंधन का गया स्नातक एवं शिक्षक बिधान परिषद चुनाव को लेकर एक बैठक रखा गया है, जिसमें गया स्नातक क्षेत्र के महागठबंधन उम्मीदवार डॉ पुनीत कुमार सिंह भी शिरकत करेंगे ! कांग्रेस पार्टी के सभी सम्मानित नेतागण /कार्यकर्तागण इस बैठक में ससमय उपस्थित होकर अपनी बात को रखे एवं महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में कार्य करें

– डॉ धनंजय शर्मा, अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी अरवल



केंद्र सरकार के द्वारा संसद में बोलने नहीं दिए जाने विपक्ष की आवाज को दबाने तथा अडानी के मुद्दे पर सरकार के द्वारा जवाब नहीं देने के लिए संसद में विपक्ष के माइक को बंद कर दिया जाता है जो इतिहास में पहली बार केंद्र के तानाशाह भाजपा सरकार के द्वारा किया जाता है एवं ईडी और सीबीआई के द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते हैं जिसके खिलाफ शिवाजी नगर कांग्रेस कार्यकर्ता के द्वारा मोदी और जाने का संयुक्त पुतला दहन किया गया मौके पर कांग्रेस नेता अजीत कुमार सिंह रोसरा विधानसभा के नेता सूरज पासवान जितेंद्र कुमार महतो सुधांशु कुमार रमन कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल थे



बाह्य दृष्टि से लोकतंत्र, हो गया है यहां मुखौटा।
अंतः से यहां गरगई यहां पे तानाशाही ही खुटा।
एक एक के सारे नजरें देशवासियों ने है समझा।
ठग की छलछद्म का अब कभी न चलेगा झांसा।

-दिनेश शंकर दास,BPCC



आज झगड़ा खांड से आए मेरे निवास कार्यालय में कांग्रेसी साथी और चिरमिरी के सम्मानीय कांग्रेस जनों के साथ,,,,चाय पे राजनीतिक्र चर्चा,,,पूर्व अध्यक्ष ओ पी विषकर्मा,एल्डरमैन सोमू भाई,ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप,वरुण शर्मा,रामजी यादव,और सम्मानिय कांग्रेस जन,,,शिरकत किए।।सभी मित्रो का स्वागत,वंदन,,,

सदेव आपका ओमप्रकाश बड़कू भाई जिला महामंत्री कांग्रेस कंबल वाले बाबा।



*पुनपुन बराज परियोजना को चालू कराने की मांग को लेकर दूसरे दिन कुर्था के ऐतिहासिक अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी की धरती पर पहुंच कर शहीद जगदेव प्रसाद एवं शहीद छात्र लक्षुमण चौधरी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए सरकार से हमीद नगर परियोजना को जल्द से जल्द लागू कर किसानों की खेतों तक पानी पहुंचाने एवं किसानों की समस्या को निदान करने की मांग की एवं किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा देने का भी मांग किया.. इस अवसर पर कांग्रेस नेता राम विनय सिंह यादव, श्याम सुंदर यादव, मनोज यादव, मोहम्मद असलम अंसारी,बागेश शर्मा एवं बहुत सारे किसानों ने शिरकत किया







**मा.नगरसेवक राजपति यादव जी (कार्यकारणी अध्यक्ष) मा. नगरसेवकी डॉ. अजंता यादव जी (मा.मुंबई महिला अध्यक्ष) जी के मार्गदर्शन में रोहित यादव (मुंबई प्रदेश महासचिव ठरवक) के द्वारा फ्री चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ।**

# गया स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कराने हेतु कांग्रेस पार्टी सौंपी जिम्मेवारी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

02, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवम् बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देशन में कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, कांग्रेस सेवादल, इंटक, महिला कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता गया जिला के शहर मुख्यालय सहित 24 प्रखंडों में टीम गठित कर चुनाव प्रचार में जुट गए है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा जिला स्तरीय टीम में जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला महासचिव विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, धर्मेंद्र कुमार निराला, रंजीत कुमार सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, मो शमीम, एन एस यू आई के जिलाध्यक्ष रचित कुमार, मृत्युंजय कुमार, कांग्रेस सेवादल के जिला संगठक टिंकू गिरी, अमरजीत कुमार, सोमनाथ पासवान, इंटक के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह, अजय कुमार सिंह, अरविंद शर्मा, महिला कांग्रेस के लाछो देवी, मदीना खातून, अनुमति देवी शामिल रहेंगे।


02, गया स्नातक, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की तैयारी कांग्रेस पार्टी विगत आठ महीने से सघन अभियान चला कर हजारों, हजार स्नातक, शिक्षक मतदाता को जोड़ने का काम किया है, लेकिन महागठबंधन में गया स्नातक राजद को तथा शिक्षक जदयू के खाते में जाने के बाद कांग्रेस पार्टी महागठबंधन समर्थित स्नातक उम्मीदवार डा पुनीत कुमार सिंह एवम् शिक्षक उम्मीदवार संजीव श्याम सिंह के पक्ष में काम कर जिताने का संकल्प दोहराया है।



प्रो मिठू ने कहा की चंदौती प्रखंड में ओम प्रकाश निराला, कमलेश चंद्रवंशी, मानपुर में रंजीत सिंह, मो गालिब, वजीरगंज में सतीश कुमार सिंह, रामाश्रय सिंह, फतेहपुर में बालमुकुंद पांडेय, पंकज कुमार, मो शमीम, टनकुप्पा में शंभूशरण सिंह, प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंटू, बोधगया में रामजी मांझी, ब्रजेश राय, मोहनपुर में तबरेज आलम, गुरु जी, बाराचट्टी में रेवती रमण, गुड्डू यादव, बांके बाजार में रवि भाकर, विनय कुमार, निलय जी, इमामगंज में पंकज पासवान, मिथिलेश सिंह, डुमरिया में राजेंद्र सिंह, विप्लव कुमार, गुरूआ में गिरेंद्र कुमार, संजय सिंह, गुरारू में संजय रंजन, अरुण मिश्रा, डोभी में अवधेश सिंह, दूधेसर यादव, खिजरसराय में नवल किशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, अतरी में मो अहमद रजा खान, वीरेंद्र कुमार बीरू, बथानी में अखिलेश यादव, जितेंद्र कुमार, मोहड़ा में सुभाष राजवंशी, अशोक शर्मा, बेलागंज रामविनय शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, ललन कुमार, टिकारी नथुन पासवान, सतेंद्र नारायण सिंह, कोच प्रभात रंजन, रामानुज शर्मा, परैया में जयप्रकाश यादव, विजय सिंह, स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के वोटर लिस्ट के साथ स्नातक, शिक्षक वोटरों से मिल कर महागठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम करेंगे।

नेताओ ने कहा की गया जिला में 23315 स्नातक वोटर एवम् 4092 शिक्षक वोटर को प्रखंड वाइज चिन्हित कर संपर्क स्थापित कर महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में वोट दिलाने की अपील कर रहे है।

**विजय कुमार मिठू**



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत साहब द्वारा विधानसभा में बजट प्रत्युत्तर में चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र की सभी मांग पूरी करने पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत करणी माता जन्म स्थान गांव सुवाप जिला जोधपुर दर्शन कर बीकानेर के देशनोक में मां करणी मंदिर पहुंचकर क्षेत्र के खुशहाल की कामना कर करणी माता पैनोरमा का अवलोकन कर आज रात्रि चित्तौड़गढ़ पहुंचेंगे।




आज़ दिनांक 19/03/2023दिन रबिवार को गया जिला के काशीनाथ मोड़ पर सम्राट होटल में गया शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र 2 से महागठबंधन के उम्मीदवार को जिताने हेतु मान्नीय मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव जी, माननीय सांसद श्री विजय मांझी जी एवं सभी जिला अध्यक्ष के साथ कांग्रेस कमेटी गया के जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी और विधायक गण तथा सभी पार्टियों के प्रखंड अध्यक्ष गण के साथ बैठक आहूत किया गया।

**सूचना**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार सभी प्रखण्ड अध्यक्ष को सूचित करना है कि

दिनांक 25 –03–2023को–02 बजे दिन में जिला कार्यालय पासवान चौक पर एक बैठक आयोजित किया गया है जिसमें हाथ से हाथ जोरो के सफ़लता के लिए विचार किया जाएगा। जिसमें जिला प्रभारी पुनम पासवान पूर्व विधायिका उपस्थित रहेंगी। उपस्थिति अनिवार्य है

भवदीय

महेश प्रसाद राय, अध्यक्ष

# बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज एक प्रेस वार्ता



पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री शिव प्रकाश गरीब दास ने किया। इस प्रेस वार्ता के माध्यम से आगामी 21–22 मार्च को बाबू जगजीवन राम स्व संस्थान युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्वों तथा काँग्रेस पार्टी की टीम जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई अन्य राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों/ सदस्यों/ जिला अध्यक्षों/ विधानसभा अध्यक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित हुई है। इस कार्यक्रम के तहत बिहार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश में गठित नई युवा कांग्रेस की टीम के बीच पार्टी के अनुभवी सदस्यों तथा पदाधिकारियों द्वारा पार्टी के धरातली विचारधाराओं तथा प्रदेश के हर ब्लॉक व बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं की तैनाती सुनिश्चित करने हेतु रणनीतियों पर चर्चा–परिचर्चा होगी। साथ ही कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे विभिन्न कैंपेनिंग को और मज़बूत प्रभावी बनाया जायेगा। प्रेस वार्ता में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री शिव प्रकाश गरीब दास, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती खुशबू कुमारी, युवा कांग्रेस से कई सदस्यों सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## नेगड़िया पंचायत समिति देलवाड़ा में कांग्रेस पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो की यात्रा

दिनांक 20 /0 3 /2023 सोमवार को हमारी ग्राम पंचायत नेगड़िया पंचायत समिति देलवाड़ा में कांग्रेस पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो की यात्रा प्रातः 8:00 सड़ाया से होते हुए पूरी ग्राम पंचायत के हर गांव में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाल रही है हम सभी ग्रामपंचायत वासियों को अधिक से अधिक संख्या में पधार कर यात्रा की शोभा बढ़ावे हमारे क्षेत्र में हमारे विधायक डॉक्टर सीपी जोशी साहब विधानसभा अध्यक्ष ने काफी मेहनत करके हमारे क्षेत्र को चहुमुखी विकास की और लाए कांग्रेस पार्टी द्वारा घरेलू बिजली के बिल में प्रति बिल 200 यूनिट व कुए के कनेक्शन पर 2000यूनिट 12000 रुपए सालानी अनुदान 500 में उज्जवला योजना मैं टंकी गैस की चिरंजीवी बीमा योजना 2500000 का इलाज दुर्घटना में 1000000 का बीमा घर घर नल कनेक्शन सड़कें विद्यालय तहसीलें जिलो संभाग बड़े पैमाने पर काम करने का राजस्थान सरकार ने कार्य किए ऐसी बहुत योजनाएं है गिनाते गिनाते थक जाएंगे जो कांग्रेस पार्टी ने काम किया है आओ हम सब मिलकर कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को सफल बनाएं कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद


प्रो. आर. के. पी. रमण, कुलपति

# 600 मदरसे बंद कर दिए हैं वह न केवल असंवैधानिक के विपरीत है

पटना।कांग्रेस दर्पण

डॉक्टर शकील उजजामा अंसारी, पूर्व मंत्री बिहार, एवम स्त्र१ ३ीह्म३ नेशनल माइनॉरिटी फोरम का प्रेस बयान।

असम के मुख्यमंत्री का कर्नाटक चुनाव में मदरसों के बारे में बयान गैर कानूनी और संविधान के विरुद्ध है भारत का संविधान सभी धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों को अपने कल्चर की रक्षा के साथ अपने शिक्षण संस्थान खोलने और चलाने का पूरा पूरा अधिकार देता है । आसाम के मुख्यमंत्री का यह कहना कि उन्होंने 600 मदरसे बंद कर दिए हैं । वह न केवल असंवैधानिक के विपरीत है और यह घोषणा करना कि वह आगे भी मदरसे को बंद कर देंगे एक मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए व्यक्ति का बोलना शर्मनाक और अफसोस नाक है हम इसकी घोर निंदा करते हैं । मदरसे केवल धार्मिक शिक्षा नहीं देते बल के वह जदीद शिक्षा भी देते हैं और दोनों को मिलाकर वह एक शिक्षण पद्धति है जिससे धार्मिक और मॉडर्न दोनों शिक्षा एक साथ प्राप्त करते हैं मदरसों की डिग्रियां विश्वविद्यालयों में रिकॉग्नाइज होती हैं जिससे वह विश्वविद्यालयों में भी उसी डीग्री की बेस पर अध्ययन करते हैं उनका यह कहना कि



अब देश को डॉक्टर इंजीनियर चाहिए स्कूल और विश्वविद्यालय चाहिए यह उनके बुद्धि कम होने का प्रतीक है इस लिए की मदरसे से पास बच्चे भी डाक्टर , इंजिनर और उच्च स्थान पर जा रहे है।

किसी भी शिक्षण संस्थान को मदरसा शब्द या स्कूल शब्द से पुकारा जाए वह महत्वपूर्ण नहीं है महत्वपूर्ण यह है उसमें शिक्षा कैसी दी जा रही है क्योंकि सरकार के नियम के अनुसार मदरसों का सिलेबस निर्धारित है और उसके मुताबिक मदरसों में शिक्षा की पद्धति स्तपित है। मदरसों में बेसिक और प्राइमरी सतह पर जो शिक्षा दी जाती है उससे सीक्छित बेक्ति का ग्राफ बढ़ता है संविधान ने शिक्षा को मौलिक अधिकार माना है उससे वंचित किसी को करना गैरकानूनी है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं की अल्पसंख्यक लोगों को शिक्षा ऐसी देना चाहते हैं कि उनके एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में कंप्यूटर हो और उनके मुख्यमंत्री इस सिद्धांत का ही विरोध कर रहे हैं इसीलिए हम लोग कहते हैं यह जो केंद्र में आर एस एस समर्थित सरकार है और कई राज्यों में भी है उनका कहनी और करनी दोनों में बहुत भेद है वे लोग अल्पसंख्यक का विशेष रूप में मुसलमानों का विरोध करते करते वह संविधान और देश के विरोध में भी लग जाते हैं और यही काम आसाम के मुख्यमंत्री कर रहे हैं हम आशा करते हैं कि जल्द से जल्द बीजेपी और आर एस एस इस मामले पर अपना स्पष्टीकरण दें कि वह इस देश में क्या चाहते हैं।

केंद्र की भाजपा सरकार अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों की छात्रवृत्ति को बंद कर रखा है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है केंद्र की भाजपा सरकार अति पिछड़ा वर्ग के साथ खिलवाड़ कर रही है कि इस समाज के बच्चे आगे नहीं बने बड़े होने पर नहीं जाए आखिर इस समाज के गरीब कहां जाए अगर केंद्र सरकार अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों की छात्रवृत्ति को पुनः चालू नहीं करती है इसके लिए बिहार प्रदेश पिछड़ा अति पिछड़ा विभाग के द्वारा पूरे बिहार में केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी भाजपा सरकार को चेतावनी देता हूं अगर अति पिछड़ा के साथ ऐसा रवैया करेंगे तो अति पिछड़ा कमजोर वर्ग नहीं है उनको 2024 के चुनाव में औकात दिखा देगा

**पिछला एवं अति पिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चंदन बिहार प्रदेश कांग्रेश कमेटी पिछड़ा एवं अति पिछड़ा विभाग के अध्यक्ष अनुराग चंदन चंदन के द्वारा भाजपा सरकार पर हमला करते हुए**

